राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018
www. rsmsssb.rajasthan.gov.in दूरभाष नं. 0141–2722520

YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

क्रमांक प.14(73)RSMSSB / अर्थना / पटवार / भर्ती / 2019 / 1305 दिनांक : 26/10/2021

–:: कार्यालय आदेश ::–

पटवार सीधी भर्ती–2021 की परीक्षा दिनांक 23.10.2021 एवं 24.10.2021 को आयोजित की जा चुकी है। उक्त भर्ती के ऑनलाईन आवेदन पत्रों में त्रुटि सुधार हेतु अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए **दिनांक 28.10.2021 से दिनांक 06.11.2021 रात्रि 11.59 बजे तक ऑनलाईन आवेदन में संशोधन हेतु विकल्प खोला जा रहा है।** आवेदक कृपया ध्यान दें कि आवेदक के नाम, आवेदक के माता / पिता के नाम, पता, शैक्षणिक योग्यता, फोटो एवं हस्ताक्षर में संशोधन **प्रतिबंधित** रहेगा। इसके अतिरिक्त अन्य सूचनाओं यथा श्रेणी / उपश्रेणी, विशेष श्रेणी, लिंग, जन्मतिथि आदि में निर्धारित शुल्क का ऑनलाईन भुगतान कर संशोधन किया जा सकेगा। आवेदक के नाम, आवेदक के माता / पिता के नाम, पता, शैक्षणिक योग्यता, फोटो एवं हस्ताक्षर में त्रुटिपूर्ण सूचनाओं में संशोधन हेतु (चयन होने की स्थिति में) दस्तावेज सत्यापन के समय ही विचार किया जाएगा। अतः कोई भी अभ्यर्थी ऑफलाईन संशोधन हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत नहीं करें। उक्त समय सीमा के पश्चात् किसी भी स्थिति में कोई ऑफलाईन प्रार्थना पत्र बोर्ड कार्यालय में संशोधन हेतु स्वीकार नहीं किया जाएगा।

जिन अभ्यर्थियों द्वारा बोर्ड कार्यालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है उन्हे भी सूचित किया जाता है कि उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्रों के आधार पर आवेदन में संशोधन नहीं किया गया है। अतः ऐसे अभ्यर्थी भी उक्तानुसार स्वयं के स्तर से आवश्यक संशोधन करना सुनिश्चत कर लें। इस अन्तिम अवसर के उपरान्त अन्य कोई अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा।

(पुष्कर राज शर्मा)
सचिव